>

Title: Need to check the increasing incidents of road accidents in Delhi . .

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : महोदय, पिछले दो वÂाीों में दिल्ली में रोड एक्सीडेंट की घटनाओं में बेतहाशा इजाफा हुआ है। प्राईवेट बसों के साथ साथ ट्रकों व अन्य गाड़ियों ने भी अनेक दुर्घटनाएं की हैं। इन दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को न तो सरकार की ओर से और ना ही गाड़ी मालिकों की ओर से कोई मुआवजा मिला है और ना ही इन गाड़ियों के मालिकों, ड्राईवरों के खिलाफ ही कोई कड़ी कार्रवाई की गई। दुर्घटना करने वाली गाड़ियां पुनः सड़कों पर उसी रफ्तार से दौड़ रही हैं। ऐसे ही दिल्ली में हो रही अनेक घटनाओं में उदाहरण के तौर पर एक घटना है जिसमें दिनांक - 11.08.2007 को नई दिल्ली के राजा गार्डन पैट्रोल पम्प के सामने एक 12 वर्षीय छात्र की एक ट्रक दुर्घटना में तत्काल मृत्यु हो गई थी। नवम्बर, 2007 से ही केस भी दर्ज करा दिया गया है। किंतु, महोदय, एक वÂर्ष से अधिक का समय हो चुका है अभी तक पीड़ित परिवार को किसी भी प्रकार का मुआवजा नहीं मिला है।

आपके माध्यम से मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि पीड़ित परिवार को मुआवजा जो कि वर्तमान में पचास हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख पचास हजार रूपए हो चुका है, दिलवाया जाए तथा दोषियों के विरूद्ध जल्द सख्त कार्यवाही की जाये तथा इन दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सख्त से सख्त कानूनी कदम उठाये जाने चाहिए।